ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल
Prof. Hanuman Prasad Shukla
निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ
Director, Internal Quality Assurance Cell

संपर्क/Phone : +91-7152-255617
ई-मेल/ E-mail: shuklahp7@hindivishwa.ac.in

पत्रांक : 104/IQAC/CAS/2026-27/111/**820**
दिनांक : 26-11-2026

परिपत्र

विषय : पीबीएएस (PBAS) एवं कैरियर प्रोन्नयन योजना (CAS) के आवेदन हेतु समर्थ पोर्टल पर Employee Profile अद्यतन करने के संबंध में।

विश्वविद्यालय में पीबीएएस (PBAS) एवं कैरियर प्रोन्नयन योजना (Career Advancement Scheme-CAS) के अंतर्गत आवेदन संबंधी प्रक्रिया समर्थ (SAMARTH) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपादित की जाती है। उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन हेतु आवश्यक विभिन्न विवरण एवं सूचनाएँ संकाय सदस्यों की समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध Employee Profile से प्राप्त (Data Fetch) की जाती है।

अत: विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों से अनुरोध है कि वे समर्थ पोर्टल पर अपनी Employee Profile में उपलब्ध समस्त विवरणों, अभिलेखों एवं संबंधित सूचनाओं की समय-समय पर समीक्षा करते हुए उन्हें अद्यतन करते रहें, ताकि प्रक्रियाधीन पीबीएएस (PBAS) एवं कैरियर प्रोन्नयन योजना (Career Advancement Scheme-CAS) के लिए आवेदन हेतु अपेक्षित जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध Employee Profile से सुगमतापूर्वक प्राप्त (Data Fetch) की जा सके।

इस संबंध में यह भी अपेक्षित है कि आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने एवं इसकी सूचना जारी किए जाने पर संबंधित संकाय सदस्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन पूर्ण कर सफलतापूर्वक प्रस्तुत (Submit) करना सुनिश्चित करें।

इस परिपत्र के माध्यम से समस्त संकाय सदस्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पीबीएएस (PBAS) एवं कैरियर प्रोन्नयन योजना (Career Advancement Scheme-CAS) आवेदन संबंधी प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें।

(निदेशक)